हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024

11 साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी दी



12 ब्राह्मण समाज को लोस व विस में टिकट देने की मांग



**खबर संक्षेप**

### कल लगेगा माता मसानी पर मेला

**नारनौल।** तीन अप्रैल को मोहल्ला ढिंढासर नई सराय माता मसानी प्रांगण में बुध माता का मेला लगेगा। माता मसानी विकास समिति के प्रधान धीरज यादव ने बताया कि मेले में बच्चों के लिए झूलों, खिलौनों और स्टाल की विशेष व्यवस्था रहेगी। मेले में सुबह चार बजे से ही माता के भक्तों की भीड़ आना शुरू हो जाती है। इसलिए माता के दर्शनों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मेले से पूर्व दो अप्रैल की रात को माता के जागरण का आयोजन होगा। जिसमें आसपास के भजन गायकों के अलावा दूरदराज से आए गायक भजनों से माता का गुणगान करेंगे।

### युवा क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय युवा क्लब द्वारा पूर्व पार्षद एवं युवा नेता अमित मिश्रा के 37वें जन्मदिन पर गोपाल गोशाला बुचियावली में रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया। इस अवसर पर कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह, अटेली के विधायक सीताराम यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष दयाराम यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान अमित मिश्रा ने 37 वर्ष की आयु में 55 बार रक्तदान करके एक मिशाल कायम की है। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजीत सिंह, देवेंद्र यादव, शिवकुमार मेहता, भवानी सिंह, नवीन राव, बलवान फौजी, अनिल भगड़ाना, नवीन शर्मा, देवीदत्त सोनी, महेंद्र मांडैया, परमजीत यादव व तरुण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### स्मैक सहित युवक को किया गिरफ्तार

**मंडी अटेली।** पुलिस ने एक युवक को स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि संदीप कुमार उर्फ कुटकुट निवासी मिर्जापुर (बाछौद) जो नशीला प्रदार्थ स्मैक (हेरोइन) बेचने का काम करता है, जो गांव सैदपुर की मेन फिरनी रास्ता से हाई स्कूल अटेली मंडी की तरफ जाने वाली गली में मोटर साइकिल के पास खड़ा होकर स्मैक बेच रहा है। पुलिस ने मौके पर छापामारी की, जहां से संदीप निवासी मिर्जापुर बाछौद को 1.60 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

### केंद्रीय विद्यालय में नए सत्र का आरंभ

**नारनौल।** केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा में सोमवार से सत्र 2024-25 का शुभारंभ संकल्प पर्व के रूप में मनाया गया। हिंदी शिक्षक उमाशंकर पंवार ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को अपने अध्ययन के साथ-साथ अपने अन्य नैतिक मूल्यों को भी सवारने का तथा संभालने का संकल्प लेना चाहिए। दसवीं के विद्यार्थी देवांश शर्मा, पांचवीं की नित्या तथा सातवीं के विद्यार्थी भावेश आदि ने मंच से अपने विचार प्रकट किए। सीसीए प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को यह संकल्प दिलवाया कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय की स्वच्छता का भी ध्यान रखेंगे ।

---

ऑनलाइन जे फार्म काटने के नहीं प्रबंध अधिकारी बने अनजान

# मंडी में ठेकेदार की लेबर ने वाहनों से नहीं उतारी सरसों और मार्केटिंग सोसायटी ने वसूल लिए 2.70 रुपये प्रति बैग, किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नांगल चौधरी मंडी में समर्थन मूल्यों पर सरसों बेचना किसानों के लिए सरदर्द बना हुआ है। यहां वाहनों से सरसों अनलोड किसान करते हैं और मार्केटिंग सोसायटी लेबर चार्ज वसूल कर रही है। लेबर चार्ज अदायगी नहीं करने पर सोसायटी के कर्मचारियों ने जे फार्म काटने से इंकार कर दिया। जिससे आक्रोशित किसानों ने जिला उपायुक्त से धांधली की जांच कराने की गुहार लगाई है। बाबूलाल दत्ताल, बिक्रम सिंह, महेंद्र सिंह, संदीप कुमार व अशोक कुमार ने बताया कि समर्थन मुल्यों पर सरसों बेचने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कराया था। सरकार ने सरसों के खरीद रेट 5650 रुपये प्रति क्विंटन निर्धारित किए हैं। किसानों की सुविधा के लिए नांगल चौधरी अनाज मंडी को खरीद सेंटर बनाया है, जिसमें 26 मार्च से परचेज शुरू हो चुकी है। मंडी में तुलाई, सिलाई तथा लिफ्टिंग का टैंडर छोड़ दिया गया, ठेकेदार को ढेरी पर झारना लगाकर ही तुलाई करनी होगी। झारना लगाने और तुलाई करने का का लेबर चार्ज खरीद एजेंसी वहन करेगी। सरसों बेचने आए किसानों के वाहनों को ठेकेदार की लेबर अनलोड करती है तो सोसायटी को 2.70 प्रति बैग वसूलने के निर्देश हैं। लेकिन मंडी में अधिकतर किसान वाहन को स्वयं अनलोड करके ढेरी करते हैं। इसके बाद एजेंसी को फसल पंजीकरण के दस्तावेज जमा कराते हैं। खरीद के उपरांत किसानों को जे फार्म के लिए मार्केटिंग सोसायटी के कार्यालय में जाना पड़ता है। जहां कार्यरत कर्मचारी 2.70 रुपये प्रति बैग लेबर चार्ज मांगता है, इंकार करने पर उन्होंने जे फार्म काटने से इंकार कर दिया। परेशान किसानों ने मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक से संपर्क किया, किंतु उन्होंने संतोषजनक जबाब नहीं दिया। इसके बाद मजबूर किसानों ने लेबर चार्ज देकर जे फार्म कटवा लिया। किंतु उन्होंने जिला उपायुक्त से अवैध लेबर चार्ज वसूली और बिना झारना लगाए तुलाई की जांच कराने की गुहार लगाई है। नांगल चौधरी मंडी में करीब 20 हजार कट्टों की खरीद हो चुकी, जिनकी सिलाई भी करवा दी गई है। लेकिन लिफ्टिंग के पुख्ता प्रबंध नहीं, सोमवार को केवल तीन गाड़ी ही लिफ्टिंग हो पाई हैं। ऐसे में किसानों को सरसों अनलोड करने की समस्या उत्पन्न हो गई है। जगह के आभाव में किसान खुले आसमान नीचे ढेरी लगाते हैं, जहां बारिश होने पर परेशानी उत्पन्न हो सकती है। मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक रोशन लाल ने माना कि किसान स्वयं सरसों उतारते हैं तो उनसे लेबर चार्ज नहीं लिया जाएगा। बावजूद कोई कर्मचारी लेबर चार्ज वसूलता है तो किसान को नारनौल कार्यालय में आकर शिकायत दर्ज करानी होगी। उनसे मंडी की विजिट करने का आग्रह किया गया तो उन्होंने नारनौल मंडी की परचेज में व्यस्त होने का तर्क देकर कॉल डिस्कनेक्ट कर दी।



नांगल चौधरी। मंडी में अपने सिर पर कट्टा रखकर पिकअप को अनलोड करता हुआ किसान।

**सोमवार को 7 हजार कट्टों की आवक, जाम**

मंडी में शनिवार को करीब 4200 कट्टों की आवक हुई थी। लेकिन सोमवार को आवक बढ़कर सात हजार कट्टों से अधिक हो गई। मंडी के एंट्री गेट पर भीड़ होने के कारण सड़कों पर यातायात जाम की समस्या बनी रही। लेकिन मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव के प्रयासों से आधे घंटे में सभी किसानों को मंडी में एंट्री दे दी गई। जिससे किसान व बाजार के व्यापारियों ने राहत की सांस ली है।

---

## नारनौल अनाजमंडी में खरीद अधिकारियों और किसानों के बीच हुई तनातनी

# सरसों रिजेक्ट करने पर तैश में आए किसान हाथापाई के बाद अनाजमंडी में पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सरसों में अधिक नमी होने पर उसे रिजेक्ट करना अधिकारियों पर भारी पड़ने लगा है। इससे किसान तैश में आने लगे हैं और वह खरीद अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार ही नहीं, मशीन छीनने एवं हाथापाई तक करने लगे हैं। अकेले नारनौल मंडी में ऐसा वाक्या दो दिनों से देखने को मिल रहा है, जब मजबूर होकर खरीद अधिकारियों को सरसों की खरीद रोकनी पड़ी और पुलिस का सहारा लेना पड़ा। शनिवार के बाद सोमवार दोपहर को भी ऐसा ही वाक्या हुआ। इस पर पुलिस को मंडी बुलाना पड़ा। सरसों खरीद में करीब चार पुलिस कर्मी निरंतर तैनात रहे।

- सरसों में ज्यादा नमी होने पर उसे रिजेक्ट करना पड़ रहा भारी

गौर हो कि आजकल अनाज मंडियों में सरकारी समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सरसों की सरकारी खरीद की जा रही है। इस खरीद के लिए सरकार ने कुछ मानदंड तय किए हुए हैं, जिनमें से एक मानदंड सरसों में 8 प्रतिशत से अधिक नमी नहीं होना भी है। नारनौल मंडी में हैफेड नैफेड के लिए कोआप्रेटिव सोसायटी के माध्यम से सरसों की खरीद कर रही है। इसी के चलते सोमवार को मंडी में टीनशेड के नीचे सरसों खरीद करने के लिए पहुंचे और मशीन के जरिए सरसों की नमी मापने लगे। जिन किसानों की सरसों में नमी निर्धारित आठ प्रतिशत से ज्यादा मिली, उस सरसों को अधिकारियों ने रिजेक्ट करते हुए उसे खरीदने से इंकार कर दिया और अगली ढेरी के पास चले गए। इसी दौरान जिन किसानों की सरसों रिजेक्ट कर दी गई, वह तैश में आ गए तथा रिजेक्ट की गई सरसों को बेहतरीन बताते हुए खरीद अधिकारियों से बहस करने लगे। किसानों ने अधिकारियों व कर्मचारियों को घेर लिया तथा उनसे उनकी वही सरसों खरीदने की जिद्द की और कर्मचारी से नमी मापने वाली मशीन को छीन लिया तथा कहा कि पहले उसकी सरसों को खरीदें तो ही वह आगे की सरसों खरीदने देगा। आरोप है कि किसान कह रहे थे कि सरसों में नमी 10-11 प्रतिशत है तो भी उसे खरीदना होगा। इस पर खरीद का माहौल बिगड़ गया और कोआप्रेटिव सोसायटी के अधिकारियों ने खरीद रोक कर पुलिस को फोन कर दिया। जब खरीद अधिकारी और कर्मचारी खरीद कार्य बीच में ही छोड़कर टीनशेड से निकलकर मार्केट कमेटी सचिव कार्यालय चले गए तो अनेक किसान एकत्रित होकर वहां भी पहुंच गए। यहां भी किसानों ने कोआप्रेटिव सोसायटी के मैनेजर रोशनलाल के साथ गर्मागर्मी में बात की। हालांकि कई किसान इस पक्ष में भी थे कि ऐसा माहौल नहीं करना चाहिए, क्योंकि खरीद रोक देने से वह किसान भी परेशानी का सामना करेंगे, जो इसके लिए कसूरवार नहीं है। कई किसानों की यह भी गुहार थी कि मौसम खराब होने वाला है। इसलिए उनकी सरसों खरीद ली जाए। हालांकि कई किसान यहां भी उनसे जिद्द-बहस करने लगे। इसके कुछ देर में ही पुलिस की हेल्प गाड़ी डॉयल 112 मंडी पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर ही खरीद अधिकारियों एवं किसानों से बात की तथा माहौल खराब नहीं करने को कहा। बाद में सिटी थाने से भेजी गई और पुलिस वहीं खड़ी हो गई तथा पुलिस की मौजूदगी में पुनः खरीद चालू की गई। इस दौरान भी कई किसानों की सरसों निर्धारित मानदंडों से अधिक नमी वाली पाई गई, जिस पर उसे पुनः रिजेक्ट कर दिया गया। इस घटना से पहले शनिवार को भी ऐसा ही वाक्या हो चुका है, जब अधिकारियों ने सरसों को अधिक नमी के चलते रिजेक्ट की तो किसान उनसे उलझ पड़े और उन्हें भली-बुरी सुनाने लगे। हालांकि तब मामला अनसुना कर दिया गया। सोमवार को हुई घटना उपरांत पुलिस मौके पर तैनात कर दी गई है। चार पुलिस कर्मी लगा दिए गए हैं, लेकिन किसी पक्ष द्वारा कोई शिकायत या मुकदमा कार्रवाई नहीं करवाई गई है।





नारनौल। मंडी में बहस करते किसान एवं खरीद अधिकरी तथा पुलिस की मौजूदगी में सरसों खरीदते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**सरसों आवक की स्थिति**

आज नई अनाज मंडी में सायंकाल तक करीब 558 किसानों के गेटपास काटे गए। इनके पास 10938 क्विंटल सरसों होने का अनुमान लगाया गया है। सही वजन तुलाई होने पर ही सामने आ सकेगा। गेटपास केवल उन्हीं किसानों के जारी हो रहे हैं, जिन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कराया हुआ है। शाम करीब सात बजे तक लगभग 6 हजार क्विंटल सरसों की खरीद की गई।

**यह कहते हैं अधिकारी**

कोआप्रेटिव सोसायटी के प्रबंधक रोशनलाल ने बताया कि सरसों की खरीद निर्धारित नियमों के अनुसार खरीदी जा रही है। जिस सरसों में आठ प्रतिशत से ज्यादा नमी होगी, उसको खरीदने से मनाही है। उन्होंने बताया कि आज दोपहर को जब सरसों खरीदी जा रही थी, तब मशीन से नमी मापी गई तो उस सरसों की नमी 10-11 प्रतिशत थी। इसी कारण ढेरी को रिजेक्ट कर दिया, लेकिन किसान ज्यादा नमी होने के बावजूद सरसों खरीदने की जिद्द करने लगे। सारे एकत्रित हो गए तथा कर्मचारी से मशीन को छीन लिया और हाथापाई करने लगे। इस पर पुलिस को सूचित किया गया। किसानों का नाजायज दबाव बनाना गलत है तथा उनकी सरसों नियमों के अनुसार ही खरीदी जाएगी। अब पुलिस की मौजूदगी में सरसों खरीदी जा रही है।

**कनीना की नई अनाजमंडी में सरसों की खरीद शुरू**

**कनीना।** नई आनाज मंडी चेलावास में सोमवार से सरसों की खरीद शुरू हुई। एसडीएम सुरेंद्र सिंह, मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव, खरीद एजेंसी हैफेड के कर्मचारी व व्यापारियों की उपस्थिति में शुरू हुई खरीद से पूर्व किसानों को टोकन अलॉट किए गए। उसके बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से चार हजार क्विंटल सरसों खरीद की गई। इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसानों की सुविधा के लिए बिजली, पानी, टॉयलेट के अलावा बारदाने की कमी नहीं रहने दी जाएगी। खरीदी जा रही सरसों का उठान कार्य भी शीघ्रता से किया जाएगा। खरीद अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा किसानों की सरसों खरीदी गई। जिसे स्टेट वेयर हाउस के गोदाम में रखवाया जाएगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह अपने सरसों को साफ-सुथरी कर, सुखाकर अनाज मंडी में बिक्री के लिए लेकर आएं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। जिन किसानों ने सरसों पहले से ऑनलाइन करवा रखी है उसका मार्केट कमेटी द्वारा टोकन काटा जाता है तथा उनकी सरसों की ही खरीद की जाती है। पहले चरण में नैफेड की खरीद की जा रही है। इस मौके पर भरपुर सिंह यादव, एफआई ऋषि राज, अशोक शर्मा, अनिल कुमार, अतर सिंह, रविंद्र कुमार, मनीष गुप्ता, अनिल कुमार सहित आढ़ती व किसान उपस्थित थे।



कनीना। नई अनाज मंडी में सरसों की खरीद का शुभारंभ करते हुए एसडीएम सुरेंद्र सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

---

### जांगिड़ सभा प्रधान के चुनाव का शेड्यूल जारी

**कनीना।** जिला महेंद्रगढ़ के विभिन्न खंडों में जांगिढ़ सभा की कार्यकारिणी का गठन करने के लिए चुनाव शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जिले के सभी आठ खंडों अटेली, कनीना, महेन्द्रगढ़, सतनाली, नारनौल, निजामपुर, सिहमा व नांगल चौधरी के अध्यक्ष पद चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया सात अप्रैल को शुरू की जाएगी। जांगिड़ ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष अशोक पैकन ने बताया कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज के खंड अध्यक्षों के चुनाव हेतु बजरंग लाल एडवोकेट एवं भानी सहाय एडवोकेट को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होगी। बजरंग लाल एडवोकेट ने चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि सभी खंड मुख्यालयों पर सात अप्रैल को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 12 से एक बजे तक नामांकन फामोंर् की जांच की जाएगी और दो बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 21 अप्रैल को सुबह आठ बजे से सायं चार बजे तक मतदान होगा। उसके बाद मतगणना कर परिणाम जारी किया जाएगा।

### रणजीत चौटाला के बयान को लेकर श्रीगौड़ सभा की बैठक आज

**कनीना।** प्रदेश के पूर्व बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह द्वारा ब्राह्मणों को लेकर दिए गए विवादित बयान को लेकर श्रीगौड सभा के पदाधिकारियों में गहरा रोष व्याप्त है। उनकी ओर से दो अप्रैल को मंत्री का पुतला फूंका जाएगा। सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि मंत्री का बयान किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। ये बयान उनकी ओछी तथा निम्न मानसिकता का पर्याय है। उनकी ओर से जल्द ही माफी नहीं मांगी तो ब्राह्मण समाज आदोंलन करने पर मजबूर होगा। श्री गौड़ सभा के अध्यक्ष डॉ रविंद्र कौशिक ने कहा कि आयोजित होने वाली बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा। ब्राह्मण समाज इतना कमजोर नहीं है कि मंत्री द्वारा दिए गए बयान को नजरअंदाज कर दिया जाए।

---

## चुनाव आयोग ने मतदाताओं व उम्मीदवारों के लिए जारी किए कई ऐप


# कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन ऐप बनाया

- चल-अचल संपति व शपथ पत्रों का विवरण भी दिखेगा एप में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 से पहले मतदाताओं, राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सुविधा के लिए कई मोबाइल ऐप जारी किए हैं। इन ऐप के जरिए लोग चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपनी समस्याओं का समाधान भी कर सकते हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग आफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए चुनाव आयोग ने न केवल ऑफलाइन बल्कि ऑनलाइन सेवाएं भी शुरू की हैं।

इससे नागरिकों के समय व पैसे की बचत होगी। उन्होंने बताया कि अगर कोई 18 वर्ष का युवा मतदाता बनना चाहता है, तो वह मतदाता पंजीकरण वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। जिला के नागरिक अभी भी आवेदन कर सकते हैं। राज्य में नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से शुरू होकर छह मई तक चलेगी। इसी प्रकार, आयोग द्वारा सी-विजिल नामक एक नया ऐप लॉन्च किया गया है। इस मोबाइल ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति में फोटो या वीडियो लेकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है, जिसका समाधान चुनाव कार्यालय द्वारा 100 मिनट के भीतर किया जाएगा। चुनाव आयोग ने ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन नामक ऐप बनाया है। कोई भी उम्मीदवार इस ऐप का उपयोग करके अपना आवेदन ऑनलाइन दाखिल कर सकता है और ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से सिक्योरिटी राशि जमा करा सकता है। आवेदन जमा होने के बाद, उम्मीदवार सुविधा उम्मीदवार ऐप का उपयोग करके अपने आवेदन की प्रगति को ट्रैक कर सकते हैं। निर्वाचन अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर नामक सॉफ्टवेयर विकसित किया है, जिसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डेटा होता है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति और शपथ-पत्रों का विवरण ऑनलाइन देखने के लिए शपथ-पत्र पोर्टल नामक पोर्टल बनाया गया है।



उपायुक्त मोनिका गुप्ता।

**बूथ ऐप से वोटर्स की डिजिटल पहचान**

बूथ ऐप के जरिए मतदाताओं की डिजिटल पहचान की सेवा शुरू की गई है। मतदाता अपने ईपीआईसी कार्ड को वोटर हेल्पलाइन ऐप से लिंक करके मतदाता पर्ची डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट ऐप कुल आबादी के अनुपात में डाले गए वोटों की संख्या दिखाता है। दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा के लिए आयोग ने पीडब्ल्यूडी ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप से दिव्यांग व्यक्ति अपना नाम और मतदाता पहचान पत्र जैसी जानकारी चेक कर सकते हैं।

---

# भाजपा स्थापना दिवस को लेकर चर्चा

- भाजपा लोकसभा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाजपा जिला कार्यालय में लोकसभा प्रबंधन समिति की बैठक जिला अध्यक्ष दयाराम यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। लोकसभा समिति की दो बैठक विधानसभा वॉइज बुचीया वाली गौशाला महेंद्रगढ़ व नांगल चौधरी और नारनौल विधानसभा की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से कोसली से विधायक व वर्तमान में लोकसभा प्रभारी लक्ष्मण यादव व जिला प्रभारी गार्गी कक्कड़ व लोकसभा संयोजक शिवकुमार मेहता विशेष रूप से मौजूद रहे।

लोकसभा प्रभारी लक्ष्मण यादव ने कोर ग्रुप व लोकसभा प्रबंधन समिति के निमित्त बैठक कर विस्तार से समझाया। लोकसभा प्रभारी ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी बुथ स्तर पर पार्टी के झंडे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि माइक्रो डोनेशन अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा डोनेशन करवाएं। बैठक में विशेष रूप से वरिष्ठ नेता गोविंद भारद्वाज व नरेंद्र झिमरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरला यादव, जिला उपाध्यक्ष किशन लाल सैनी व मनजीत मंढाना, जिला महामंत्री भवानी सिंह, जिला मंत्री प्रदीप गौड़, जिला मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल, जिला कार्यालय मंत्री संजय अमन, पवन कुमार, पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी, विस्तारक राजकुमार, पुरानचंद गोठडी, राजेंद्र यादव, महेंद्र यादव, सुरेश कुमार, केशव, छोटू पहलवान, मुकेश सैनी, विजय सिंह, बेगराज सैनी, माडूराम सैनी, शशांक यादव, हरिकेश, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र व सुशील चौटाला विशेष रूप से मौजूद रहे।



नारनौल। बैठक में हिस्सा लेते भाजपाई।

कुछ लोग अपने रिश्ते को बहुत ज्यादा तरजीह देते हैं। रिश्ते जरा से कमजोर हुए नहीं कि ऐसे लोग बहुत विचलित हो जाते हैं। कभी-कभी तो इनके मन में रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना गहरे तक बैठ जाती है। ये अपनों के प्रति हमेशा सशंकित रहते हैं कि हम इन्हें खो ना दें। लोगों के मन में इस तरह रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना क्यों आती है? अपने रिश्ते कैसे हमेशा सहेजे रखें? बहुत जरूरी सलाह।



कवर स्टोरी

विचित्रा दर्गन आनंद
रिलेशनशिप एक्सपर्ट

# रिश्तों में क्यों आती है असुरक्षा की भावना

यह अजीब-सा विरोधाभास है कि व्यक्ति जिससे सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करता है, उसके मन में उसी के लिए सबसे ज्यादा संशय और सवाल भी उठते हैं। यहां असली समस्या रिश्तों की नहीं, मन की उलझनों से जुड़ी होती है, जिन्हें सही वक्त पर सुलझाना बहुत जरूरी है, अन्यथा इनकी वजह से स्ट्रेस और एंग्जायटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा हो जाती हैं। कोई व्यक्ति अपने रिश्तों में स्वयं को क्यों असुरक्षित महसूस करता है, ऐसी जटिल मनोदशा से बाहर निकलने के लिए क्या करना चाहिए, हम सभी को इसे जरूर जानना-समझना चाहिए। इस समस्या से कोई भी हमारा अपना या हम स्वयं भी घिर सकते हैं। देखा जाता है, महिलाएं इस तरह की समस्या से ज्यादा घिरती हैं, क्योंकि वे अधिक भावुक होती हैं, समाज में भी पुरुषों की तुलना में उनके अनुकूल परिस्थितियां कम होती हैं।







## दांपत्य जीवन की उलझनें

आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि बाहरी रंग-रूप और शैक्षणिक योग्यता आदि को लेकर अगर कोई व्यक्ति अपने जीवनसाथी की तुलना में खुद को कमतर महसूस करता है तो उसके मन में हमेशा इस बात की चिंता सताती रहती है कि कहीं मेरा पार्टनर मुझे नापसंद तो नहीं करता? ऐसे में पति या पत्नी दोनों में से किसी एक के मन में यह डर बना रहता है कि कहीं मेरा जीवनसाथी मुझे छोड़ तो नहीं देगा?

**क्या करें :** आप दोनों में से जिसके मन में रिजेक्शन का भय हो, उसे अपने साथी से खुलकर बात करनी चाहिए। दोनों की यह जिम्मेदारी बनती है कि आप अपने पार्टनर के मन में छिपे डर को दूर करने की कोशिश करें, उसकी कमजोरियों को नजरअंदाज करते हुए अच्छी आदतों की प्रशंसा करें और अपनी पॉजिटिव बातों से अपने जीवनसाथी का मनोबल बढ़ाएं।



## पैरेंटिंग से जुड़ी असुरक्षा

अधिकतर पैरेंट्स अपने टीनएजर बच्चों के व्यक्तित्व और व्यवहार के प्रति सशंकित रहते हैं। उन्हें हमेशा इस बात की चिंता सताती है कि पीयर प्रेशर के कारण कहीं हमारे बच्चे गलत आदतों के शिकार ना हो जाएं, फिर कुछ समय के बाद बच्चे जब करियर में सैटल हो जाते हैं, तो पैरेंट्स को यह चिंता सताती है कि हमारे बच्चे अगर जॉब की वजह से दूसरे शहरों में चले जाएंगे, तो बुढ़ापे में हमारी देखभाल कौन करेगा? युवा हो रही संतान के पैरेंट्स के मन में स्वाभाविक रूप से ऐसी बातें आती हैं।

**क्या करें :** ऐसी समस्या से बचने के लिए आप छोटी उम्र से ही अपने बच्चों के साथ नियमित रूप से बातचीत की आदत विकसित करें, उनके लिए अनुशासन के स्पष्ट नियम बनाएं, उनके साथ आपसी विश्वास और प्यार का रिश्ता कायम करें, ताकि वे आपसे अपनी समस्याओं पर खुलकर बातचीत कर सकें। आपके बच्चे आपको इनसिक्योर नहीं फील होने देंगे।

## प्रोफेशनल संबंधों से जुड़ी परेशानियां

कॉन्फिडेंस की कमी के कारण प्रोफेशनल जीवन में कई बार लोगों को रिजेक्शन की प्रॉब्लम झेलनी पड़ती है। इससे उनके मन में हीन भावना पनपने लगती है और ऑफिस में वे दूसरों की तुलना में स्वयं को इनसिक्योर महसूस करते हैं।

**क्या करें :** ऐसी स्थिति में अपनी कमजोरियों के बारे में सोचकर चिंतित होने के बजाय सचेत तरीके से उन्हें दूर करने की कोशिश करें और सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से निकटता बढ़ाएं।

## दोस्ती में बढ़ती दूरियां

कुछ लोग अपने दोस्तों पर भावनात्मक रूप से बहुत ज्यादा निर्भर होते हैं, वे अपने हर निर्णय उनसे पूछ कर लेते हैं, ऐसे में जब दोस्त उनके साथ नहीं होता तो उन्हें बहुत घबराहट होती है। कई बार दोस्त की नाराजगी के डर से वे उसकी हर बात मान लेते हैं और उससे भी ऐसी ही उम्मीद रखते हैं। ऐसे में जब कभी व्यस्तता की वजह से दोस्त उनके लिए समय नहीं निकाल पाते तो ऐसे लोग यह सोचकर चिंतित हो जाते हैं कि अब हमारी दोस्ती खतरे में पड़ गई है।

**क्या करें :** दोस्तों के प्रति ज्यादा पजेसिव होने की आदत से बचें, उन्हें थोड़ा पर्सनल स्पेस दें, खुद भी नए लोगों की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाएं, खुश रहें और खुशियां बांटें।

**प्रस्तुति : विनीता**

शहद या हनी ऐसा नेचुरल प्रोडक्ट है, जो स्किन केयर में बहुत यूजफुल होता है। हर तरह की स्किन के लिए परफेक्ट हनी को अगर सही तरीके से अप्लाई किया जाए तो कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स को दूर किया जा सकता है। साथ ही इससे स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनती है। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।



# ग्लोइंग स्किन के लिए रेग्युलर यूज करें हनी



स्किन केयर

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

शहद हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद होता है। आपका स्किन टाइप कैसा भी हो, शहद की मालिश से उसमें सॉफ्टनेस आती है और इसकी ड्रायनेस कम होती है। शहद का इस्तेमाल मास्क से लेकर नेचुरल मॉयश्चराइजर के रूप में किया जा सकता है। इससे स्किन हाइड्रेट होती है और अट्रैक्टिव दिखती है।

## होते हैं कई उपयोगी गुण

शहद का इस्तेमाल ऑयली ही नहीं नॉर्मल स्किन पर भी किया जा सकता है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के लिए शहद काफी फायदेमंद होता है। शहद में आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम, अमीनो एसिड, कई एंजाइम्स, विटामिन बी, सी और मिनरल्स पाए जाते हैं। शहद एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भी है। इसे स्किन पर सही तरीके से रेग्युलर अप्लाई करने से एजिंग साइन की समस्या भी नहीं होती है। अगर आप चाहती हैं कि आपकी स्किन सॉफ्ट रहे तो शहद का उपयोग कर सकती हैं। यह स्किन को न्यूट्रिशन देता है। स्किन पर शहद लगाने से उसमें निखार आता है।



## ऐसे करें अप्लाई

- स्किन पर निखार लाने के लिए दो चम्मच शहद में चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर बने फेस पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे रंगत में निखार आएगा। इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं।
- कांच के बाउल में समान मात्रा में शहद और नीबू रस मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर इस तरह मिश्रण बनाएं कि स्मूथ पेस्ट बन जाए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे स्किन सॉफ्ट बनती है।
- अगर आप चेहरे पर दाग-धब्बों से परेशान हैं तो शहद काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल, हल्दी पावडर और शहद को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर इसे प्राकृतिक रूप में सूखने दें और बाद में ताजे, सामान्य पानी से धो डालें।
- एक चुटकी घर में पीसी हुई हल्दी, एक चम्मच शहद और उसमें दो चम्मच कच्चे दूध को मिलाकर चेहरे पर लगा लीजिए और 10 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। आप दूध में केसर भी मिला सकती हैं। ध्यान रखें कि हल्दी घर की पीसी ही हो। इसके नियमित सेवन से फेस पर ग्लो आएगा और स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।
- फेस के साथ बॉडी के अन्य स्किन पर ग्लो लाने के लिए दो-तीन चम्मच कच्चा दूध और इतनी ही मात्रा में शहद लेकर इसका मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे, गर्दन के साथ शरीर के खुले भागों पर लगाएं और अपनी अंगुलियों से सर्कुलर मोशन में मालिश करें। आधे घंटे बाद पानी से धो डालें। आप इसे दिन में दो बार अप्लाई कर सकती हैं।
- अगर आपकी स्किन ड्राय है तो एक चम्मच ताजे दही में आधा चम्मच कच्चा शहद मिलाकर बने मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर 10-15 मिनट तक मालिश करें। इसे थोड़ी देर बाद पानी से धो डालें। आप इसे दो-तीन दिनों तक नियमित रूप से लगा सकती हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत में निखार लाने के साथ ही उसको बहुत कोमल भी बनाएगा।
- शहद से बना मास्क, स्किन को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। इसके लिए चोकर में शहद और गुलाब जल डालकर मास्क बना लें। इस मास्क को अपने फेस पर अच्छे से लगाकर सूखने तक लगा रहने दें और बाद में ताजे साफ पानी से धो डालें।

**प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स**

एडवाइस / शिखर चंद जैन

# ऐसे रहेंगी आप हमेशा पॉजिटिव

अकसर मोटिवेशनल स्पीकर, साइकोलॉजिस्ट और बिहेवियर एक्सपर्ट हमें पॉजिटिव रहने के लिए और मन को प्रफुल्लित रखने की सलाह देते हैं। इसके लिए हम क्या करें? आइए, जानते हैं कुछ आसान से उपाय।

**सुबह की शुरुआत हो एनर्जी के साथः** जब आप सुबह उठती हैं, जिस सोच के साथ अपनी दिनचर्या शुरू करती हैं, यही सोच आपके पूरे दिन को अच्छा या बुरा बनने में बड़ी भूमिका निभाती है। सुबह हमेशा एक एनर्जी के साथ और शांत मन से जागें। अपने इष्ट देवों का स्मरण करें। प्रार्थना करें। प्राणायाम करें। आज क्या करेंगी, यह तय करें। देर तक बिस्तर पर न रहें। सुबह जल्दी उठ कर अपने तन-मन को जागृत और सक्रिय करें।

**लोगों के कमेंट्स को करें नजरअंदाजः** लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे। अमुक व्यक्ति ने मेरे बारे में ऐसा क्यों कहा? जरा सोचिए, इन बातों से आपको क्या फर्क पड़ने वाला है? कुछ भी नहीं। इन कमेंट्स पर अगर आप ध्यान देंगी तो आपका ध्यान अपने मूल लक्ष्य से भटक जाएगा। आप लोगों से कदम-कदम पर उलझेंगी। इससे आपके भीतर नेगेटिविटी भरेगी। मन उदास रहेगा और आपकी प्रोडक्टिविटी प्रभावित होगी। बेहतर होगा कि लोगों के कमेंट्स को हवा में उड़ाना सीखें और अपने काम पर ध्यान दें।



**अपनी सोच का दायरा बढ़ाएंः** आप अपनी सोच को जितना व्यापक करेंगी, नई तकनीक और नई बातों के प्रति जानकारी हासिल करने की प्रवृत्ति रखेंगी, उतना ही आप बेकार और नेगेटिव बातों से दूर रहेंगी, क्योंकि तब आपको फिजूल के लोगों और उनकी बेकार की बातों पर ध्यान देने के लिए वक्त ही नहीं मिलेगा। जब आपकी सोच और ज्ञान का दायरा बढ़ेगा तो आप किसी बात को कई आयामों से सोचने लगेंगी। नतीजतन नेगेटिविटी आपके दिमाग पर हावी नहीं हो सकेगी।

### खुद पर दें ध्यान

**अकसर हम** दूसरों को नियंत्रित करने में या उन चीजों को बदलने में अपनी एनर्जी नष्ट करते हैं, जो हमारे बस में नहीं हैं, इससे हमारा मूड खराब होता है। इसी प्रकार हम दूसरों को उनकी मुसीबत के समय उन्हें तरह-तरह की सलाह और उपदेश देते हैं, लेकिन जब अपने पर बीतती है तो घबरा जाते हैं। उदासी में डूबकर हार मानकर बैठते हैं। कहा भी गया है 'परोपदेशो पांडित्यम'। अच्छा होगा कि हम अपने आस-पास के लोगों की परिस्थितियों पर सवाल उठाने के बजाय उनसे सबक लें। दूसरों को सुधारने में वक्त बर्बाद न करें बल्कि खुद को उन्नत करने के लिए तत्पर रहें।

इंटीरियर / मधु सिंह

मास्टर बेडरूम या घर का मेन बेडरूम अगर वास्तु के अनुसार व्यवस्थित होगा तो इसका असर उसमें सोने वाले के स्वास्थ्य और घर की समृद्धि पर पड़ता है। कैसा हो आपके बेडरूम का इंटीरियर, यूजफुल सजेशंस।

# ऐसा हो आपका मास्टर बेडरूम

मास्टर बेडरूम का मतलब है परिवार के सबसे बड़े सदस्य या मुखिया का बेडरूम। किसी भी परिवार में घर के अर्निंग मेंबर के रहने और सोने का कमरा खास मायने रखता है। उसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य घर में सुख और समृद्धि लाता है। वास्तु के अनुसार घर के मास्टर बेडरूम का इंटीरियर कैसा होना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

**दिशाएंः** वास्तुशास्त्र के अनुसार मास्टर बेडरूम ऐसी दिशा में होना चाहिए, जहां पर सूर्य की किरणों का सबसे ज्यादा असर रहता है ताकि वहां रहने वाले व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए अनुकूल माहौल मिल सके। इस बेडरूम को दक्षिण पश्चिम दिशा में इस तरह बनाया जाना चाहिए कि सोते समय उसका सिर दक्षिण दिशा में और पैर उत्तर दिशा में हों, क्योंकि वैज्ञानिक रूप से उत्तर दिशा चुंबकत्व की दिशा है, ताकि यह चुंबकत्व व्यक्ति के शरीर से लगातार संबंध को साधे रहे। मास्टर बेडरूम के पलंग के सिरहाने की ओर ठोस दीवार होनी चाहिए। सिर के पीछे कोई भी खिड़की या दरवाजा नहीं होना चाहिए।

**प्रकाश व्यवस्थाः** मास्टर बेडरूम हो या घर के किसी दूसरे सदस्य का बेडरूम, इस कमरे में हल्का प्रकाश रहना चाहिए। घर के दूसरे कमरों की तुलना में यहां कम रोशनी हो। नाइट लैंप की रोशनी के लिए हल्के नीले, दूधिया, हरे रंग का बल्ब इस्तेमाल करें। कभी भी मास्टर बेडरूम में लाल रंग का बल्ब न लगाएं, क्योंकि वास्तुशास्त्र में माना जाता है कि लाल रंग शरीर में अग्नि तत्व की वृद्धि करता है।





**फर्नीचरः** मास्टर बेडरूम में वास्तु के अनुकूल ही फर्नीचर का चयन करना चाहिए। कमरे में भारी भरकम फर्नीचर नहीं होना चाहिए। बेड और साइड टेबल लकड़ी के होने चाहिए। रॉट आयरन या किसी दूसरी धातु के पलंग दिखने में भले अच्छे लगते हों, लेकिन इनके सिरहाने का डिजाइन ऐसा होता है कि इसका आधार ठोस नहीं होता, जिसके कारण पलंग पर बैठने के दौरान पीठ को कोई आधार नहीं मिलता। इसलिए पलंग लकड़ी का होना चाहिए। बेडरूम में रखे दूसरे फर्नीचर के कोने शार्प नहीं होने चाहिए ताकि कमरे में इनके आस-पास से चलते-फिरते समय किसी को चोट न लग जाए।

**रंगों का चयनः** मास्टर बेडरूम चूंकि परिवार के मुखिया के लिए होता है, जो परिवार की सुख, समृद्धि और पूरे परिवार का आधार होता है। उसके मानसिक शांति और दिली सुकून का होना जरूरी है ताकि घर में अच्छा माहौल रहे। इस बेडरूम में गहरे लाल, गहरे हरे या काले रंगों का इस्तेमाल किसी भी चीज में नहीं करना चाहिए। कमरे में हल्के, आकर्षक रंगों का चयन करें। छत सफेद रंग की होनी चाहिए। गहरे रंग भड़कीले लगते हैं। बेडरूम की सौम्यता के लिए हल्के रंग नींद में बाधा उत्पन्न नहीं करते।

**कम हो सामानः** बेडरूम में काम-काज से संबंधित चीजें, कागजात, ऑफिस की फाइलें जैसी चीजें शोकेस में सजाकर नहीं रखनी चाहिए। इस कमरे में किताबों से भरी अलमारियां, शेल्फ, स्लैब्स, कमरे के माहौल को भारी बनाते हैं। सोने के दौरान बार-बार इन्हीं चीजों पर ध्यान जाने के कारण नींद भी अच्छी तरह से नहीं आती। मास्टर बेडरूम ही नहीं घर के किसी भी बेडरूम में भले ही लोग सुविधा के लिए टीवी लगाकर रखते हैं। देखा जाए तो इससे नींद में बाधा उत्पन्न होती है। इसके अलावा टेलिविजन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैगनेटिक तरंगें भी वहां के पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं। इसके अलावा बेडरूम में जलती अंगीठी या हीटर, वाटर बॉडीज नहीं होनी चाहिए। ज्यादा बड़ी खिड़कियां, दरवाजे या बड़े कूलर भी बेडरूम में न रखें।

बी-अलर्ट / नम्रता नदीम


आज लगभग हर कोई सोशल मीडिया पर एक्टिव है। महिलाएं भी एक्टिव हैं। इंटरनेट के माध्यम से उनके लोगों से रिश्ते बन जाते हैं। इस वर्चुअल रिलेशन में वे छली न जाएं, किसी मुसीबत में न फंसें, इसलिए बहुत जरूरी है, महिलाएं कुछ सावधानियां बरतें।

# वर्चुअल दिल्लगी से रहें सावधान

इन दिनों अधिकतर मध्यवर्गीय व्यक्ति दिन के अपने कई घंटे वर्चुअल एक्टिविटीज में गुजारता है, इसलिए वर्चुएलिटी का हमारी वास्तविक जिंदगी का हिस्सा होना स्वाभाविक है। किसी से इश्क या लगाव भी इसी गतिविधि का नतीजा है। लेकिन महिलाओं के लिए साइबर दुनिया अभी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। इसलिए कुछ बातें जाननी जरूरी हैं।

**खतरों से अनभिज्ञः** यह सही है कि आज के दौर में वर्चुअल लाइफ महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा भले बन गई हो, लेकिन इसके लिए अकसर उनमें जरूरी समझदारी नहीं होती। इस दुनिया में रिश्तों को लेकर कैसी सावधानी बरतनी है, क्या-क्या खतरे हैं, इससे अधिकांश महिलाएं परिचित नहीं हैं।

**साइबर इश्क की कड़वी हकीकतः** हम आपको एक उदाहरण के जरिए साइबर दुनिया की वास्तविकता से परिचित करना चाहेंगे। मान लीजिए किसी अंजान शख्स से आप ऑनलाइन संपर्क में आती हैं। वह आपको प्रेमपत्र लिखता है। आपकी भी उसमें दिलचस्पी बढ़ती है। लेकिन एक मिनट बाद ही वह लापरवाही से ऑफलाइन होते हुए कहता है, 'जाना होगा, बाद में बात करेंगे।' आपकी प्रतिक्रिया जाने बगैर वह संपर्क तोड़ देता है। अब सारा दिन आप यही सोचती हैं कि वह ऑनलाइन कब आएगा? आप जानती हैं कि यह सब अतार्किक है, लेकिन वह व्यक्ति जो वर्चुअल वर्ल्ड के दूसरे छोर पर बैठा है, उसने आपके दिल-दिमाग में हलचल पैदा कर दी है। और अब वह संपर्क भी नहीं कर रहा। यह साइबर वर्ल्ड के इश्क की कड़वी हकीकत है। इसे समझने की जरूरत है।





**नेगेटिव-पॉजिटिव पहलुओं पर दें ध्यानः** आप जब भी वर्चुअली किसी से जुड़ें तो इसके नेगेटिव और पॉजिटिव दोनों ही पहलुओं पर ध्यान दें। मसलन, जो आप देख रही हैं, क्या वही आपको मिल रहा है? हमेशा नहीं मिलता। यह बात दोनों पर ही लागू होती है। आप पर भी और आपके चैटिंग साथी पर भी। जो कुछ आप ऑनलाइन पोस्ट करती हैं, वह सही या गलत दोनों किस्म के लोगों को आकर्षित कर सकता है। आपकी दिलचस्पियों में भी वैरायटी होनी चाहिए ताकि विभिन्न किस्म की दिलचस्पियों वाले लोग आपकी प्रोफाइल की ओर आकर्षित हों। लेकिन भूलकर भी कभी अपना एड्रेस और फोन नंबर न दें। ई-मेल आईडी ही पर्याप्त है, क्योंकि इससे आपको अपनी मर्जी के अनुसार लॉगआउट करने की आजादी रहती है। अगर आप गलत किस्म के लोगों से बचना चाहती हैं तो यह बात लाजिमी तौर से ध्यान में रखें।

**धीरे-धीरे बढ़ें आगेः** जब भी किसी के साथ ऑनलाइन 'हाय-हैलो' की शुरुआत करें, तो आरंभ में गति धीमी और बातचीत कैजुअल रखें। सीधे और साधारण संदेशों से जो बातें आगे बढ़ती हैं, वह ही सही ढंग से दोस्ती/डेटिंग में डेवलप हो सकती है। इस बात का ध्यान रहे, बातचीत में हल्की-फुल्की फ्लर्टिंग तो ठीक है, लेकिन जो लड़का द्विअर्थी संदेश भेजे, उसे अलविदा कह दें, यानी दूरी बना लें, वरना आगे आप मुसीबत में फंस जाएंगी।

### पारिवारिक फोटो ना करें शेयर

**पर्सनल फोटोग्राफ** व्यक्तिगत संपत्ति होते हैं, इसलिए उन्हें परिवार के लिए ही सीमित रखें। इन फोटोग्राफ का वेब पर इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। इसके अलावा आपकी पारिवारिक तस्वीरों में किसी की भी दिलचस्पी नहीं होती। भला कौन आपको जानने से पहले आपके परिवार की तस्वीरें देखना चाहेगा? इसलिए सब कुछ साधारण रखें और सिर्फ अपने अकेले की तस्वीर पोस्ट करें। हमेशा अपने अकाउंट को सिक्योर रखें ताकि कोई भी आपकी तस्वीर के साथ कुछ बदलाव न कर सके।

## खबर संक्षेप



### राव मूलचंद स्कूल ने जारी किया वार्षिक परिणाम

**नारनौल।** राव मूलचंद सीनियर सैकेण्डरी स्कूल खटोटी खुर्द का वार्षिक परिणाम बीते दिन जारी किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्कर्ष अंक प्राप्त किए। सभी कक्षाओं का परिक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा नर्सरी से लेकर तीसरी कक्षा तक अधिकांश बच्चों ने ए-प्लस ग्रेड हासिल किए। वही कक्षा चौथी से नौवीं का परिणाम भी उत्कर्ष रहा। इस मौके पर विधालय चेयरमैन ने सभी अध्यापकों व बच्चों को बधाई दी।



### नवोदय स्कूल में दो विद्यार्थियों का चयन

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर के छात्रों का हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवोदय स्कूल में चयन हुआ है। विद्यालय के कक्षा पांचवीं के विद्यार्थी हर्षिता पुत्री रवि कुमार (टांटला की ढाणी), चेतन पुत्र करतार सिंह (गांवड़ी जाट) ने नवोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने इन बच्चों का सोमवार विद्यालय प्रांगण में सम्मान किया।



### युरेका पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

**नारनौल।** शहर में बहरोड रोड स्थित युरेका पब्लिक स्कूल में सोमवार नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ माता सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करके हुआ। चेयरमैन अनिल कौशिक एवं प्राचार्या मधु कौशिक ने समस्त छात्र-छात्राओं को शुरू से ही लगन और मेहनत से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। प्राइमरी विंग में नर्सरी के नन्हें-मुन्ने बच्चों का भव्य स्वागत किया गया और कक्षा एलकेजी, यूकेजी और प्रथम वर्ग के विद्यार्थियों का 'वैलकम बैक टू स्कूल' थीम पर स्वागत किया।

### राजकीय विद्यालय धोली में नए सत्र का शुभारंभ

**महेंद्रगढ़।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय धोली में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय मुख्याध्यापिका मुकेश देवी ने की। यज्ञमान के रूप में सरपंच अमित मास्टर उपस्थित रहे। विद्यालय लिपिक सुजान मालड़ा ने बताया कि प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत विद्यालय में सनातन रिति-रिवाज के अनुसार हवन का कार्यक्रम किया गया। मुख्याध्यापिका मुकेश देवी ने कहा कि किसी भी नए कार्य का शुभारंभ करने से पहले हवन-यज्ञ करना हमारी पुरानी परंपरा रही है। इसलिए नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन-यज्ञ करके किया।

---

### आईटीआई में चलाया जागरुकता अभियान

# साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देते हुए दुर्गा शक्ति की टीम । *फोटो : हरिभूमि*

आईटीआई में छात्र-छात्राओं को दुर्गा शक्ति की टीम ने साइबर क्राइम और महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा छात्राओं, महिलाओं को महिला सुरक्षा को लेकर उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी जा रही है और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया जा रहा है। दुर्गा शक्ति इंचार्ज निरीक्षक मिनाक्षी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि मोबाइल पर बगैर पुष्टि किए किसी को भी अपना महत्वपूर्ण डाटा शेयर न करें। मैसेज, मेल आदि के मध्यम आए अज्ञात लिंक पर क्लिक ना करें। हमें अपना आधार नंबर, ओटीपी किसी को भी नहीं बताना चाहिए। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों को अपनी जानकारी न दें और निजी जानकारी भी शेयर करने से बचें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध होने पर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। साथ ही बताया कि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर या नजदीकी थाना/चौकी में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। दुर्गा शक्ति की टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उपस्थित छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचित करें। इसके साथ ही डायल 112 की ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना, कामकाजी महिलाओं पर टिप्पणी करना, छात्राओं पर बातचीत करने के लिए दबाब डालना, छेड़छाड़ जैसी किसी भी घटना के होने पर तत्काल पुलिस, परिजनों व शिक्षकों को सूचित करना चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला हिंसा व उनके साथ भेदभाव करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के लिये अनेक कानून बनाए गए हैं। जिले के ओल्ड मिनी सेक्ट्रिएट में वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए बना हुआ है। यदि किसी महिला के साथ मारपीट, लड़कियों के साथ छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक, दहेज उत्पीड़न या अन्य कोई घटना होती है तो उसके लिए वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के लिए कार्य किया जाता है। इसमें किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता, पुलिस सहायता, पांच दिन का अस्थाई आश्रय रहना व खाना आदि सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। महिला या लड़कियों के साथ कोई घटना हो तो मदद के लिए 181 वन स्टॉप सेंटर महिला हेल्पलाइन, डायल 112 पुलिस आपात सेवा नंबरों पर कॉल कर मदद लें।

---

# अवैध शराब और नशीले पदार्थ बेचने वालों पर की कार्रवाई

■ छह आरोपियों को गिरफ्तार कर शराब बरामद

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ जिले में पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के तहत अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के खिलाफ संबंधित थाना में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान सतीश वासी चितलांग, संजय वासी भगड़ाना, बाला वासी बिहाली, संजय उर्फ मुनीम वासी गोद, इंद्राज वासी मौहल्ला कैलाश नगर नारनौल के रुप में हुई। जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने कार्यवाही करते हुए कल आठ विभिन्न स्थानों से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने संबंधित थानों में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की टीमों द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए महेंद्रगढ़ क्षेत्र से दो लीटर अवैध कच्ची, नौ बोतल देसी शराब बरामद की गई और दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीमों ने नारनौल क्षेत्र से 22 बोतल व तीन पव्वे देसी शराब के बरामद कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। वहीं कनीना क्षेत्र से 12 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस टीम ने नांगल चौधरी क्षेत्र से नौ बोतल, 18 अध्धे व 24 पव्वे देसी शराब बरामद की। सतनाली क्षेत्र से पुलिस ने 36 पव्वे देसी शराब बरामद की और अटेली क्षेत्र से 59 पव्वे अवैध शराब बरामद कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया।

पुलिस द्वारा अभियान चला नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत पांच मामले दर्ज कर छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान बिमला वासी बुचावास, नवीन वासी मौहल्ला सैनीपुरा महेंद्रगढ़, साधुराम वासी बुहाना झुंझुनूं, संदीप कुमार उर्फ कुटकुट वासी मिर्जापुर बाछौद, राजकुमार उर्फ राजू वासी सिहोर, दीपांशु वासी मौहल्ला मिश्रवाड़ा नारनौल के रूप में हुई। पुलिस ने कनीना, महेंद्रगढ़, अटेली और नारनौल क्षेत्र से आरोपितों को नशीले पदार्थों सहित पकड़ा गया।

## बीआर ज्ञानदीप के छात्रों का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन



**महेंद्रगढ़।** गांव सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप के छात्र का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ। प्राचार्य रामवीर यादव ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में स्कूल के छात्र हिमांशु पुत्र बिंटू, नव्या पुत्री जयपाल, भावेश पुत्र अनिल, गौरव पुत्र राकेश ने सफलता प्राप्त की है। उन्होंने इस उपलब्धि पर छात्र को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में जवाहर नवोदय, सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल और राई स्पोर्ट्स आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है, जिसके परिणाम स्वरूप छात्रों को अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है। संस्थापक रामसिंह यादव ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा लेने से बच्चे का बौद्धिक विकास होता है और बच्चे की शिक्षा का आधार मजबूत होता है। इस मौके पर ऑब्जर्वर उमेश यादव, टीजीटी हेड सुजान सिंह और प्राइमरी हेड सीमा शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

---

## इंडस वैली में हवन के साथ शिक्षण सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर में सोमवार यज्ञ (हवन) करके शिक्षण सत्र का शुभारंभ हुआ। इस देव यज्ञ के पुरोहित जगमोहन शर्मा एवं ब्रहमा आचार्य उजागर सिंह रहे। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिक्षकगणों व विद्यार्थियों ने अपनी हवि की आहूतियां दीं। इस यज्ञ के मुख्य यजमान संस्था के निदेशक केसी यादव व उनकी पत्नी ममता यादव रहे और संस्था के चेयरमैन धर्मेंद्र यादव व वाइस चेयरमैन विजय सिंह यादव यज्ञमान रहे। प्राचार्य जयवीर सिंह यादव व उपप्राचार्य वीरसिंह यादव ने बताया कि हमारी संस्था प्रत्येक शुभकार्य का शुभारंभ यज्ञ-हवन के द्वारा ही करती है। उन्होंने याजक कर्म करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया कि अगर आप सच्ची लग्न से यह इष्ट कार्य करते हैं तो निश्चित रूप में आपको अपने लक्ष्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने नियमित पठन-पाठन व अनुशासन के बारे में भी बच्चों को बताया और कहा कि इसके साथ कड़ी मेहनत और जुड़ जाए तो सफलता प्राप्त करने में ज्यादा देर नहीं लगती है। आज उसी की बदौलत हमारी संस्था नित्य प्रगति कर रही है, और हमारी संस्था आज परिचय की मोहताज नहीं रही है।

# सरकार की नई शिक्षा नीति से अवगत कराया

■ पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हवन करके किया शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



**नांगल चौधरी।** पीएम श्री स्कूल में हवन करके नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ करता स्टाफ।

पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हवन करके नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें शिक्षकों ने हवन कुंड में आहूति डालकर विश्व कल्याण की मन्नतें मांगी। इस दौरान छात्राओं को सरकार की नई शिक्षा नीति से अवगत कराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रघूबीर सिंह ने की है। उन्होंने कहा कि इतिहास बदलने और इतिहास बनाने में शिक्षा का बड़ा योगदान होता है। शिक्षित युवा ही देश की सुरक्षा और विकास में सहयोग कर सकता है। इसलिए सरकार ने शिक्षा को मौलिक अधिकारों में शामिल करके सुधारीकरण किया है। नांगल चौधरी ब्लॉक में एकमात्र पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सकेंडरी संस्था है, जिसमें सीबीएससी के अंतर्गत कक्षाएं लगेंगी। विभागीय निर्देशानुसार एक अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया है। इस दौरान हवन करके छात्राओं को प्रकृति का संरक्षण करने को प्रेरित किया है। हवन में अमर सिंह शास्त्री ने मंत्रोचार करके आहूति को संपूर्ण कराया है। इस मौके पर वंदना प्रवक्ता, निशा प्रवक्ता, दया शर्मा, शीशराम, अशोक कुमार, दीपक कुमार, सुरेश कुमार, योगिता, अशोक कुमार डीपीई ने विचार व्यक्त किए हैं।

### मारोली में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मारोली के प्राचार्य सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को प्रवेश उत्सव बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। प्राचार्य ने विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद व अन्य उपलब्धियों से अवगत कराया तथा उनको अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में सरकारी स्कूल में दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। गांव मारोली के सरपंच प्रतिनिधि भीम सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान ओमप्रकाश, राजाराम तथा विद्यालय के स्टाफ सदस्य प्रवक्ता कविता, प्रवक्ता संगीता हिन्दी, प्रवक्ता जगजीत हिन्दी, प्रवक्ता जितेंद्र अर्थशास्त्र, प्रवक्ता सुषमा भौतिक विज्ञान, आदि मौजूद रहे।

### राजकीय विद्यालय के मुख्याध्यापक धर्मपाल यादव सेवानिवृत्त

**नारनौल।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय मित्रपुरा के मुख्याध्यापक धर्मपाल यादव सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय प्रांगण में सोमवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सूरजभान मुख्यातिथि थे।

धर्मपाल ने 18 फरवरी 1994 को विज्ञान अध्यापक के रूप में राजकीय उच्च विद्यालय कोरियावास से अपना शिक्षण कार्य शुरू किया। मई 2021 में इनकी पदौन्नति मौलिक मुख्याध्यापक के पद पर हुई। इन्होंने करीब 30 वर्ष तक शिक्षा विभाग में कार्य किया। इस मौके पर विद्यालय परिसर ने स्कूल परिसर में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान के साथ विदाई दी।

---

# यज्ञ सामूहिकता का प्रतीक : यादव

■ यदुवंशी में हवन-यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** नए सत्र पर हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में नवसत्र के उपलक्ष्य पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने आहुति डालकर भाग लिया। हवन में यजमान के रूप में ग्रुप के वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव व चेयरपर्सन संगीता यादव तथा आचार्य अमित शास्त्री रहे। हवन के शुभारंभ पर सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को तिलक लगाकर एवं रक्षा सूत्र बांधकर सभी के भविष्य की कामना की। इस दौरान मां शारदे का मंत्रोच्चारण कर उनकी पूजा अर्चना की गई। निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमारे सभी छात्र-छात्राएं उत्तम शिक्षा नीति के साथ अपने भविष्य को उज्वल बनाएंगे। हवन यज्ञ का शुभप्रभाव न केवल व्यक्ति बल्कि वायुमंडल को भी लाभ पहुंचाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से हवन से निकलने वाली अग्नि के ताप और उसमें आहुति के लिए उपयोग की जाने वाली हवन की प्राकृतिक सामग्री यानि समीधा वातावरण में फैले रोगाणु और विषाणुओं को नष्ट करती है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने कहा कि यज्ञ सामूहिकता का प्रतीक है।

### विद्यार्थियों को हवन का महत्व बताया

**कनीना।** एसडीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छिथरोली में सोमवार को हवन के साथ नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया गया। विद्यालय में नए 87 विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। निदेशक अजमेर सिंह दांगी ने कहा कि हवन का विशेष महत्व होता है। हवन में प्रयोग की जाने वाली जड़ी-बूटी युक्त हवन सामग्री, शुद्ध घी, पवित्र वृक्षों की लकड़ियां, कपूर आदि के जलने से उत्पन्न अग्नि और धुएं से वातावरण शुद्ध होता है वहीं नकारात्मक ऊर्जा भी दूर भागती हैं। हवन से निकलने वाला धुआं हवा से फैलने वाली बीमारियों के कारक इन्फेक्शन करने वाले बैक्टीरिया को नष्ट कर देता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य रेखा दांगी, दीपक चैधरी ,संदीप यादव, केवल यादव सहित शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित

■ डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान का तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन करते राव सुखबिन्द्र सिंह।

विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे पूर्व राज्यसभा सांसद राव मानसिंह के सुपुत्र और बिजली वितरण निगम के सेवानिवृत अधीक्षक अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने शहर में अपने डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान के तीसरे दिन सोमवार को स्थानीय आजाद चौक से किला रोड़ तिराहे तक के व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठानों पर जाकर संपर्क किया। अपने डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान को जारी रखते हुए तीसरे दिन की शुरुआत आजाद चौक पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके की। उन्होंने दुकानदारों और रेहड़ी खोमचे वालों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। वे व्यापारियों से मिलकर उनकी समस्याएं जान रहे हैं, ताकि उनके समाधान का रोडमैप तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि जीएसटी, सुरक्षा, पार्किंग जैसी कुछ समस्याएं सभी व्यापारियों की सांझी हैं, जबकि अलग-अलग तरह का काम धंधा करने वालों की अपनी अलग-अलग दिक्कतें भी हैं। जनसंपर्क अभियान में ऋषिदेव शास्त्री, होशियार सिंह गोदारा, कैप्टन अभिजीत यादव, सूबेसिंह हेडमास्टर, सत्यपाल यादव, बी एल यादव, आदि लोग थे।


---

**लोस चुनाव** | जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह के समर्थन अटेली हलके में की जनसभाएं

# यह चुनाव हम सबके लिए अग्नि परीक्षा : दुष्यंत

■ समर्पण भाव से कार्य करें सभी कार्यकर्ता : चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली/नारनौल



**मंडी अटेली।** ग्रामीण जनसभा को संबोधित करते प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

यह लोकसभा चुनाव हम सबके के लिए अग्नि परीक्षा है और यही चुनाव आने वाले विधानसभा चुनावों की नींव भी रखेगा। इसलिए राव बहादुर सिंह के पिछले चुनाव में जो कमी रह गई थी, उसकी भरपाई इस चुनाव में करने का काम करें और सभी कार्यकर्ता तन-मन से समर्पित होकर इनकी जीत के लिए कार्य करें और इन्हें सबसे अधिक मतों से जीताकर लोकसभा में भेजें। उक्त आह्वान प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने देर शाम को अटेली हलके के गांव दौंगड़ा अहीर, भोजावास, करीरा व सेहलंग में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करते हुए किया। इस दौरान महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र से जजपा उम्मीदवार राव बहादुर सिंह समेत अनेक नेतागण उनके साथ थे। अध्यक्षता जिला प्रधान डा. मनीषा शर्मा ने की। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा सीट से राव बहादुर सिंह पहले भी हमारी पार्टी से चुनाव लड़ चुके हैं। तब यह दूसरे स्थान पर रहे थे, लेकिन अबकी बार उस कमी को नहीं रहने देना है तथा इन्हें जीताकर नंबर एक पर लाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को बूथवाइज काम करना होगा। प्रत्येक गांव-गली की वोटर लिस्ट ले लें और डोर-टू-डोर करने के साथ ही एक-एक वोटर से व्यक्तिगत रूप से जाकर मिलें। उन्हें जजपा की खासकर चौधरी देवीलाल की नीतियों से अवगत कराएं। यदि कोई पुराना कार्यकर्ता हमसे रूठा हुआ है तो उससे बात करें, उसके मन की सुनें और उसे अपने पक्ष में लेकर आएं। इसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करना होगा और घरबार छोड़कर फील्ड में जाकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के चुनाव में अभी काफी समय बाकी है और तब तक सभी घरों एवं वोटरों को कवर करने काम पूरा कर लें। जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह ने भी ग्रामीणों से उन्हें जीताने का आह्वान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, राव रमेश पालड़ी, एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, राव सुरेश शास्त्री, सिकंदर गहली, सुविधा शास्त्री, युद्धवीर पालड़ी, कुलदीप कलवाड़ी, रविंद्र गागड़वास, बेदू राता, राजकुमार खातोद, संजीव तंवर, जिला पार्षद सचिन, जिला पार्षद मुन्नीपाल, डा. राजकुमार यादव, कर्मबीर यादव, महीपाल नंबरदार, सुमन कारिया, कंवर सिंह नंबरदार, विरेंद्र उन्हानी, लक्खी सोनी, संदीप खोरी, सन्नी यादव, आदि मौजूद रहे।





### सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**महेंद्रगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में कक्षा छठी के दाखिले के लिए 20 जनवरी को परीक्षा आयोजित की गई थी। मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास के दो विद्यार्थियों ने कक्षा छठी में दाखिले के लिए यह परीक्षा पास की, जिनमें परी पुत्री महेश कुमार व लविश पुत्र राजेश कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में कक्षा छठी के दाखिले के लिए परीक्षा पास की। संस्था निदेशक राजकुमार यादव, हवासिंह यादव, संस्था प्राचार्य अनिल कुमार, वरिष्ठ अध्यापक राकेश कुमार, रामसिंह, वरिष्ठ अध्यापिका शकुंत शहरावत तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने परीक्षा पास विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया। इनकी तैयारी करवाने वाले अध्यापक विशेष प्रशंसा के पात्र है। उनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों से दो विद्यार्थियों ने यह परीक्षा पास की है। इस सारी उपलब्धि का श्रेय उन्होंने उनकी तैयारी करने वाले अध्यापकों को दिया। उन्होंने बताया कि हमें उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि सत्र 2024-25 में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अनेक विद्यार्थी यह परीक्षा पास करेंगे। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय से अब तक 14 विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय, 12 विद्यार्थी मोतीलाल खेल विद्यालय राई सोनीपत में दाखिल हो चुके हैं।

**Notice**

I Mukesh W/o Sukhbir Singh R/o Vill. Dublana Teh. Narnaul Distt. Mahendragarh Haryana declare that in my husband Servise record my name mentioned is Kumari Mukesh by mistake. my correct name is Mukesh as per my adhar card. necessary correction as per rule.

**NOTICE**

I, Service No. E/5017448L, Rank Hav./PLUM Name Amarjeet S/o Sh. Gopal R/o Vill. Kherki, Tehsil and Distt. Mahendergarh (Haryana) declare that Name and Date of Birth of my mother, father, wife have been written wrongly as Sumitra Devi (Mother) 01.07.1962 (D.O.B.), Gopal Singh (Father) 01.07.1959 (D.O.B.), Poonam Kumari (Wife) 17.11.1991 (D.O.B.) in my service record. The correct name and Date of Birth are Sumitra (Mother) 01.01.1954 (D.O.B.), Gopal (Father) 08.08.1951 (D.O.B.), Poonam (Wife) 07.08.1990 (D.O.B.). For all future purposes.

**खबर संक्षेप**

## तुलसी गोयल विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त



**नारनौल।** अग्रवाल वैश्य समाज के जिला उपाध्यक्ष तुलसी गोयल को व्यापार प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य बनाने पर उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गोयल, अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश मंत्री मुकेश बंसल, जिला अध्यक्ष दयाराम यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो बीजेपी पार्टी ने उस पर विश्वास करके जिम्मेदारी दी है, उसको वह बखूबी निभाएगा।

## गुलाबी सुंडी के नियंत्रण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सौजन्य से सोमवार को एक दिवसीय कपास फसल की उन्नत कृषि क्रियाओं व गुलाबी सुंडी के नियंत्रण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं विस्तार कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें कपास फसल की उन्नत कृषि क्रियाओं, समन्वित कीट प्रबंधन एवं गुलाबी सुंडी के नियंत्रण पर विस्तार से जानकारी दी।

## विप्र गौरव से सम्मानित नागरमल शर्मा का निधन

**महेंद्रगढ़।** गांव गढ़ी निवासी व विप्र गौरव से सम्मानित पंडित नागरमल शर्मा का निधन हो गया है। स्वर्गीय पंडित नागरमल शर्मा के भाई और पूर्व बीडीसी मेंबर ज्ञानी राम शर्मा और उनके बड़े बेटे अशोक शर्मा ने बताया कि पंडित नागरमल शर्मा ने 90 वर्षीय जीवन पूरी सात्विकता और भाईचारे के साथ बिताया। स्वर्गीय पंडित नागरमल शर्मा धार्मिक विचारों के व्यक्ति थे। समाज में आपसी भाईचारे में विश्वास रखते थे। स्वर्गीय पंडित नागरमल शर्मा किसी भी मसले को आपस में मिल बैठकर सुलझाने में विश्वास रखते थे।

## सुरेश सैनी बने विकास परिषद शाखा अध्यक्ष

**महेंद्रगढ़।** भारत विकास परिषद शाखा की चुनाव बैठक कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में वर्ष 2024-25 की नई कार्यकारी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सुरेश सैनी को शाखा अध्यक्ष, नीरज मित्तल को शाखा सचिव व संजय माधोगढ़िया को शाखा कोषाध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी ने परिषद के सभी कार्यों को पूरी तन्मयता व सुचारू रूप से करने का आश्वासन दिया।

## हवन-यज्ञ कर स्कूल में नए सत्र की शुरुआत

**महेंद्रगढ़।** विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को हवन यज्ञ कर नए सत्र का शुभारंभ किया गया। विद्यालय निदेशक अभय राम यादव ने सभी स्टाफ सदस्यों को उनके कार्य की सराहना। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे ही मेहनत व लग्न से इस नए सत्र में भी करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनके कार्य से संतुष्ट होकर बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया। साथ हीं चेयरमैन नरेंद्र यादव ने भी अपने मेहनती स्टाफ के कार्य की सराहना करते हुए उनको बधाई दी।

# नपा चेयरमैन ने अधिकारियों को ड्यूटी पर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाते हुए लिखा पत्र, लापरवाही बरतने पर वेतन काटे जाने की दी चेतावनी

■ नगर पालिका गठन के 20 माह बाद भी शहर में नहीं शुरू हुआ कोई विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने अधिकारियों व कर्मचारियों पर ड्यूटी के प्रति गंभीर नहीं होने का आरोप लगाते हुए उनको पत्र लिखकर चेतावनी दी है। रमेश सैनी ने पत्र जारी कर कहा है कि अधिकारी या कर्मचारी सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते तो अनुपस्थित माना जाएगा तथा वेतन भी काटा जाएगा। इसके अलावा नियमानुसार प्रशासनिक अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए उच्च अधिकारियों को शिकायत भी की जाएगी। अधिकारी व कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं, जिस कारण आमजन को बार-बार नगर पालिका कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। अधिकारी व कर्मचारी शहर के विकास कार्य करने की बजाय एनडीसी व प्रापटी आईडी ठीक करने के कार्यों में ज्यादा रूचि ले रहे हैं। अगर अधिकारी किसी काम से कार्यालय के बाहर जाते है तो मूमेंट रजिस्टर में इंट्री नहीं की जाती है।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका का मुख्यद्वार। फोटो : हरिभूमि

### गलत तरीके से जारी कर रहे एनडीसी



रमेश सैनी का कहना है कि शहर विकास कार्यों के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है, लेकिन अधिकारी विकास कार्य शुरू कराने को लेकर कोई रूपरेखा तैयार नहीं कर रहे। तकनीकी शाखा के कर्मचारी को कई बार हिदायत दी जा चुकी है, उसके बावजूद अधिकारी अपने मनमाने तरीके से बिना उनकी सलाह के गलत तरीके से एनडीसी का कार्य कर रहे हैं। पिछले दिनों गलत एनडीसी जारी करने के मामले में नगर पालिका सचिव सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। उसके बावजूद गलत तरीके से एनडीसी जारी कर रहे हैं।

### तीन दिनों में देनी होंगी लंबित कार्यों की जानकारी

चेयरमैन रमेश सैनी ने पत्र में लिखा है कि नगर पालिका गठन हुए 20 माह का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक शहर में कोई विकास कार्य शुरू नहीं हो पाया है। अधिकारियों के पास शहर में विकास कार्य शुरू कराने को लेकर कोई प्लांनिग नहीं है। इसको लेकर कई बार तकनीकी शाखा को विकास कार्य शुरू करने की कहा जा चुका है। नगर पालिका की ओर से शहर के नाले की सफाई व सभी वार्ड की सड़क की मरम्मत का टेंडर छोड़ा गया था, लेकिन अभी तक ठेकेदार की ओर से कार्य नहीं किया गया। वहीं अधिकारियों की ओर से भी ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने तीन दिन के अंदर ठेकेदार के खिलाफ की गई कार्रवाई की वास्तविक रिपोर्ट मांगी है।

## आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सैनी समाज का धरना

# स्कूल शिक्षा समिति के पूर्व चेयरमैन पर लगाया दुष्प्रचार करने का आरोप

■ सैनी सभा की ओर से भी एक दिन पहले पूर्व चेयरमैन को पद से किया जा चुका है निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सैनी समाज के लोगों ने स्कूल शिक्षा समिति के पूर्व चेयरमैन पर शहर की एक बेटी की ससुराल में जाकर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को सैनी सभा के भवन के सामने धरना शुरू कर दिया है।

बेटी के पिता ने सैनी समाज की शिक्षा समिति के स्कूल के पूर्व चेयरमैन पर ब्लैकमेल करने का भी आरोप लगाया है। धरने पर बैठे समाज के लोगों का कहना है कि जब तक आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं होती है तो जब तक समाज का धरना जारी रहेगा। बता दें कि पीड़ित लड़की के पिता ने 28 मार्च को सैनी सभा के प्रधान को पत्र लिखकर तत्काल समाज की आम बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। पत्र में लिखा गया था कि शिक्षा समिति के पूर्व चेयरमैन ने उसकी बेटी की ससुराल में बेटी, दामाद व समधी के खिलाफ नाजायज तरीके दुष्प्रचार करने के लिए आस-पास के सात गांव में पंपलेट डलवा दिए गए। उसका पुख्ता सबूत हम सैनी समाज के सामने रखना चाहते है। पीड़ित पिता का कहना है इस घटना के बाद परिवार को मानहानि व मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ रहा हैं।

मामला संज्ञान में आने के बाद सभा के प्रधान की ओर से 31 मार्च को शिक्षा समिति के पूर्व चेयरमैन को पद से हटा दिया गया। सैनी समाज के प्रधान की जारी ओर जारी पत्र में कहा गया था कि वह वर्तमान स्कूल चेयरमैन के कार्यकाल से संतुष्ट नहीं हैं। इसलिए चेयरमैन का पद से निष्कासित किया जा रहा है। इस फैसले पर सभी कार्यकारी सदस्य संतुष्ट हैं। सोमवार को जब समाज के लोगों की इसकी सूचना मिली तो बेटी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सैनी समाज के भवन के सामने धरना शुरू कर दिया। इस दौरान भवन का ताला खोलने की भी मांग उठी। इस मौके पर नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी, ताराचंद, लीलाराम, कपूर सिंह, लीलाराम, सुंदरलाल, मुन्ना सिंह, पूर्व प्रधान गोविंद सैनी, माकेर्ट कमेटी के पूर्व उपप्रधान सूरत सिंह, हलवाई यूनियन के प्रधान लक्ष्मीनारायण सैनी, मास्टर दिनेश सैनी, हरिराम सैनी व अक्खीराम सैनी आदि मौजूद थे।




महेंद्रगढ़। सैनी सभा के भवन के पास धरने पर बैठे समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### सामाजिक तौर पर मांग चुके माफी

पीड़ित परिवार को जब इस पंपलेट बांटने की घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने अपने स्तर पर जांच की। इसके बारे में पीड़ित परिवार की ओर से सैनी सभा महेंद्रगढ़ को सूचना दी गई। इस दौरान शिक्षा समिति के पूर्व चेयरमैन की ओर से सैनी सभा के पदाधिकारियों के सामने पीड़ित पक्ष से लिखित में माफी भी मांगी गई। इसके बाद पीड़ित पक्ष कार्रवाई की मांग को लेकर डीएसपी से मुलाकात की। पुलिस प्रशासन की ओर से आगामी कार्रवाई के लिए शिकायत को महेंद्रगढ़ पुलिस को प्रेषित कर दिया गया।

### ससुराल पक्ष ने भी दी शिकायत, जांच शुरू

इस मामले में ससुराल पक्ष ने भी महेंद्रगढ़ सैनी सभा के प्रधान के बेटे के खिलाफ शिकायत दी है। यह शिकायत पहले एसपी को दी गई। एसपी ने नारनौल डीएसपी अवकाश पर होने के कारण महेंद्रगढ़ डीएसपी के नाम मार्क कर दी। फिर डीएसपी ने पीड़ित पक्ष को बुलाया और सोमवार बयान दर्ज किए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस जांच में जुटी हुई थी।



महेंद्रगढ़। प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा के साथ ब्राह्मण सभा के सदस्य।

# ब्राह्मण समाज को लोस व विस में टिकट देने की मांग

■ ब्राह्मण समाज की राजनीति में भागीदारी पर अधिवेशन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

ब्राह्मण खाप हरियाणा के सौजन्य से ब्राह्मण समाज की राजनीति में भागीदारी विषय पर प्रांतीय अधिवेशन मंगल सेन ऑडिटोरियम करनाल में किया गया। महेंद्रगढ़ जिले से प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य के मार्ग-निर्देशन में ब्राह्मण खाप के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गौतम की अगुवाई में इस प्रांतीय अधिवेशन में एक डेलिगेशन ने भाग लिया।

मनोज गौतम ने बताया ब्राह्मण समाज की सभी प्रमुख संस्थाओं ने मिलकर ब्राह्मण खाप के सौजन्य से इस प्रदेश स्तरीय अधिवेशन का आयोजन किया। ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने प्रदेश में भ्रमण करके ब्राह्मण समाज के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को एक मंच पर इकट्ठा किया। इस अधिवेशन में वक्ताओं ने लोकसभा और विधानसभा में सभी राजनीतिक पार्टियों को टिकट वितरण में ब्राह्मण समाज को पर्याप्त संख्या में टिकट देने की मांग की। अधिवेशन में वक्ताओं द्वारा रखे गए सुझाव और परिचर्चा के निष्कर्ष पर विचार मंथन करके सभी राजनीतिक पार्टियों को ब्राह्मण समाज के अधिकारों और मांगों से अवगत करवाया जाएगा। महेंद्रगढ़ से ब्राह्मण सभा के वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकारिणी सदस्य बीडीसी मेंबर कैलाश दत्त शास्त्री, ब्राह्मण सभा कोषाध्यक्ष पूर्व मुख्य अध्यापक सज्जन कुमार शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता गिरवर कौशिक, मनोज कौशिक, उमाकांत शर्मा, नवीन शर्मा, बालकिशन शर्मा, सचिन शर्मा, नरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा वसूली के लिए ईडी और सीबीआई का कर रही इस्तेमाल : डॉ. मनीष यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। डॉ. मनीष यादव

■ जिसको कोयला चोर बताते थे, उसी को दे दी टिकट

आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मनीष यादव ने ईडी सीबीआई के दुरुपयोग के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा पूरे देश में चर्चा है कि ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग किया जा रहा है। भाजपा वसूली के लिए ईडी और एसबीआई का इस्तेमाल कैसे कर रही है इसका बड़ा उदाहरण हरियाणा में भी देखने को मिला है। उन्होंने कहा इंडिया गठबंधन के तहत जब से आम आदमी पार्टी ने अपने प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता को मैदान में उतारा है, तब से हमारी टीम में कुरुक्षेत्र लोकसभा के गांव गांव जा रही हैं। इस दौरान हर जगह पर भाजपा का जबरदस्त विरोध देखने को मिल रहा है। लोग कह रहे हैं कि भाजपा के नेताओं को प्रचार के लिए भी गांव में नहीं घुसने दिया जाएगा। यही कारण था कि भाजपा का कोई भी उम्मीदवार कुरुक्षेत्र लोकसभा से चुनाव मैदान में उतरने को तैयार नहीं था। इसलिए भाजपा उनको भी ईडी और सीबीआई के माध्यम से हैंडल कर रही है। उसके बाद नवीन जिंदल का नाम आया और पिछले 20-25 दिन से नवीन जिंदल का परिवार मना करता रहा कि चुनाव नहीं लड़ेंगे और भाजपा की तरफ से खबर उड़ाई जाती रही कि नवीन जिंदल चुनाव लड़ेंगे, लेकिन ये पूरे देश ने देखा कि किस तरीके से नवीन जिंदल की ज्वाइनिंग हुई और आधे घंटे बाद उनका नाम लिस्ट में आया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की धरती पर आकर प्रधानमंत्री मोदी ने जिसे लूटेरा कहा हो, जिसको भाजपा कोयला चोर का मास्टरमाइंड बताती रही हो और जिसको प्रकाश जावड़ेकर ने सबसे बड़ा कोयला चोर बताया हो। ऐसे व्यक्ति को भाजपा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से टिकट क्यों दिया। भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्होंने नवीन जिंदल को किस वाशिंग मशीन में धोया है, जिससे उसके सारे भ्रष्टाचार धुल गए।

# सिंघानिया अस्पताल में लगाया मेगा कैंप

■ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश चंदवानी ने शिविर में दी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सिंघानिया यूनिवर्सिटी कैंपस में सीकेएस सिंघानिया अस्पताल में विशाल मेगा कैंप का आयोजन हुआ, जिसमें मल्टी स्पेशलिस्ट चिकित्सक की टीम ने सेवाएं प्रदान की। शिविर का उद्घाटन सिंघानिया यूनिवर्सिटी के चांसलर रवि सिंघानिया, एडवोकेट सोनिल सिंघानिया, सीकेएस अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. प्रकाश चंदवानी ने किया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश चंदवानी ने कहा कि कोरोना के बाद हार्ट अटैक के केस ज्यादा बड़े हैं। पहले 40 साल की उम्र के बाद हार्ट अटैक के केस देखने को मिलते थे, लेकिन अब उम्र का कोई अनुमान नहीं है। कम उम्र के लोगों में भी खतरनाक स्थिति के अटैक देखे जा सकते हैं। किसी भी प्रकार की चेस्ट पेन होने की स्थिति में डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए, ताकि सही समय पर इलाज हो सके। क्षेत्र की महती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पचेरी के सिंघानिया अस्पताल और जयपुर के सीकेएस अस्पताल के संयुक्त कोलैबोरेशन से एक बेहतरीन अस्पताल का निर्माण कर इलाके के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। इसकी रूपरेखा लगभग तैयार हो चुकी है जो सीकेएस सिंघानिया अस्पताल के रूप में 200 बेड का हॉस्पिटल उसे संचालित होगा, जो मल्टी होगा। जिसमें कार्डियो के डॉक्टर की सेवाएं प्रदान की जाएगी। डॉ. प्रकाश चंदवानी ने कहा कि वह स्वयं भी महीने में एक बार अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर के दौरान मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई।

अस्थमा एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश गोयल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तपेश नाग, जनरल फिजिशियन डॉ. हरीश शर्मा, गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल सर्जन डॉ. लोकेश यादव, नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपम कानोड़िया, हड्डी जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश लांबा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. पूनम चौधरी, शिशु बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति चौधरी, हड्डी जोड रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेश लांबा व नसिंर्ग स्टाफ अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर के दौरान शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच फ्री हुई तथा शिविर के दौरान एमआरआई, सीटी स्कैन जांचों पर 50 प्रतिशत तक की छूट की गई।



नारनौल। शिविर का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पीपीपी में जल्द करवाएं अपडेट : इंद्रपाल

**मंडी अटेली।** खंड विकास एवं पंचायत विभाग सिहमा का कहना है कि पीपीपी पोर्टल पर बहुत से परिवारों ने परिवार पहचान पत्र अभी तक अपडेट नहीं कराया है। उसको जल्द से जल्द अपने परिवार पहचान पत्र को अपडेट करवाना जरूरी हो गया है। पीपीपी में बच्चों के वास्तविक नाम की जगह बेबी ऑफ करके माता-पिता का नाम लिखा हुआ है। इस कारण पीपीपी में आपत्ति लगने की संभावना बनी हुई है। विभाग का कहना है कि जिनके परिवार पहचान पत्र में ऐसा है तो वे तुरंत अपने बच्चे का वास्तविक नाम दर्ज करवाएं। यह कार्य पीपीपी धारक स्वयं भी कर सकता है या फिर अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर करवाना होगा। सिहमा खंड के जोनल मैनेजर इंद्रपाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र में जल्द से जल्द अपडेट कराएं अन्यथा प्रदेश सरकार की सुविधाएं बंद हो सकती हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

# हरियाणा पब्लिक स्कूल में हवन व मंत्र उच्चारण से नए शिक्षा सत्र का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में हवन व मंत्र उच्चारण के साथ नए शिक्षा सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया गया। इस हवन में प्रबंधन कमेटी से निधि वर्मा, निर्देशक पुष्कर मल वर्मा, संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, प्राचार्य सुनील यादव, स्कूल स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने हवन में पूर्णाहुति डाली। मंत्र उच्चारण ने हरियाणा पब्लिक स्कूल के वातावरण को भक्तिमय बना दिया। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि भारतीय पुरातन संस्कृति के अनुसार सभी शिक्षण संस्थाओं में अप्रैल से नए सत्र का शुभारंभ हो जाता है।



इसी प्रथा के अनुसार हरियाणा पब्लिक स्कूल में भी प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हवन यज्ञ के साथ नए सत्र का आगाज किया गया। उन्होंने नई कक्षा में उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों को बधाई संदेश दिया व नए दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत भी किया। संस्था संस्थापक सुभाष चंद वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।



नारनौल। हुडीना के आंगनवाड़ी केंद्र पर रेडीनेस मेले का शुभारंभ करती अधिकारी।

# आंगनवाड़ी पर रेडीनेस मेले का शुभारम्भ

**नारनौल।** सरकार द्वारा निर्देशित प्ले स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन शनिवार को गांव रामपुरा हुडिना के आंगनवाड़ी केन्द्रों पर किया गया। जिसमें रामपुरा गांव में डीपीओ संगीता, डिप्टी डायरेक्टर ऊषा रानी, सीडीपीओ कांता देवी, सुपरवाइजर सुनीता देवी, रामपुरा गांव की सरंपच पूनम देवी, हुडिना गांव के सरपंच जसवन्त यादव द्वारा मेले का उद्घाटन किया गया। मेले के दोरान बच्चों के सवांर्गीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। जिनसे बच्चे की क्षमता का आंकलन करके उसमें आवश्यकता अनुसार सुधार पर जोर दिया जा सके तथा बच्चो को अधिक से अधिक सरकार द्वारा संचालित आंगनवाड़ी प्ले स्कूले की ओर आर्कषित किया जा सके। डीपीओ संगीता यादव ने बताया कि आंगनवाड़ी स्कूलों में बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन, टीकाकरण सुविधा, स्वास्थ्य जांच व प्री-स्कूल की अनेक गतिविधियों का लाभ प्रदान किया जाता है।